भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 984**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# युवा सहभागिता कार्यक्रम

**984. श्री बैजयंत पांडा :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय युवा नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल कितने युवा सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए गए;

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में युवा नेतृत्व, कौशल और खेलों को बढ़ावा देने के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) इन कार्यक्रमों में कितने युवा प्रतिभागी शामिल हैं; और

(घ) इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए क्या विशिष्ट पहल की गई है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) राष्ट्रीय युवा नीति का लक्ष्य भारत के युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं में समन्वय स्थापित करना है जिससे समाज का सामंजस्यपूर्ण विकास हो सके ताकि युवाओं की ऊर्जा का उपयोग समावेशी आर्थिक विकास और उत्तरदायी शासन के लिए अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सके। इस नीति में व्यापक तौर पर उन सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है जिनके आधार पर विभाग की स्कीमों का कार्यान्वयन किया जाना है।

(ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में युवा जनित नेतृत्व, कौशल तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है। इस मंत्रालय द्वारा धनराशि का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है, न कि क्षेत्र-वार। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आबंटित बजट का विवरण अनुबंध-1 पर दिया गया है।

(ग) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न युवा सहभागिता/एक्सपीरिएंशियल लर्निंग/प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों में कुल 4,96,39,201 युवाओं ने भाग लिया।

(घ) इस विभाग ने अपने क्षेत्रीय संगठनों के माध्यम से विभिन्न पहलें की हैं, उदाहरण के लिए, माई भारत पोर्टल के माध्यम से कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए विभिन्न एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। ये कार्यक्रम युवाओं को अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने देश भर के ग्रामीण युवाओं, विशेषकर जम्मू और कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए उद्यमशीलता के अवसर पैदा करने और रोजगार सृजन के लिए विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

*****

**अनुबंध-I**

## युवा कार्यक्रम विभाग का वर्ष 2024-25 के लिए बजट अनुमान (करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | स्कीम का नाम | बजट अनुमान@ 2024-25 |
|---|---|---|
| क. | युवा कार्यक्रम सचिवालय | 20.25 |
| ख. | राष्ट्रीय युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) | |
| 1. | नेहरू युवा केंद्र संगठन | 426.00 |
| 2. | राष्ट्रीय युवा कोर | 75.00 |
| 3. | युवा नेता कार्यक्रम | 9.00 |
| 4. | राष्ट्रीय युवा एवं किशोर विकास कार्यक्रम | 22.00 |
| 5. | अंतर्राष्ट्रीय सहयोग | 11.70 |
| 6. | युवा छात्रावास | 5.00 |
| 7. | स्काउटिंग और गाइडिंग | 0.75 |
| 8. | युवा पोर्टल | 13.30 |
| | कुल (ख) आरवाईएसके | 562.75 |
| ग. | राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) | 250.00 |
| घ. | राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) | 26.50 |
| ङ. | मेरा युवा भारत (माई भारत) | 200.00 |
| | कुल योग (क+ख+ग+घ+ङ) | 1059.50 |

@ - पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित

****